Title: Need to lay rail line between Ranital and Naina Devi in district Bilaspur, Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के मेरे लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर के जिला ि वलासपुर की श्री नैना देवी जी, बाबा बालक नाथ जी, जिला कांगड़ा में बृजेश्वरी देवी (नगरकोट की माता) जी, ज्वालामुखी में ज्वाला माता जी, चिन्तपुरणी माता जी आदि ऐसे अनेक स्थल हैं जिनका पौराणिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व है और उनकी महत्ता एवं मान्यता हजारों वर्षों से चली आ रही है जिनको संपूर्ण भारत और ि वशेषकर उत्तर भारत के राज्य हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की जनता पूजती है। फलस्वरूप वर्ष भर इन स्थानों पर मेले एवं भव्य आयोजन होते रहते हैं और लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं, किन्तु ये स्थान रेलवे से जुड़े न होने के कारण लाखों की संख्या में देशी और विदेशी श्रद्धालु एवं पर्यटक इसलिए दर्शनों से वंचित हो जाते हैं क्योंकि वे बस की यात्रा नहीं कर सकते हैं।

देश की आजादी के ५० वर्षों में हिमाचल प्रदेश में रेलवे में मात्र कुछ किलोमीटर ऊना रेलवे लाईन की गणना यदि न की जाए, तो रेलवे का विकास शून्य है। इसलिए मेरा रेल मंत्री महोदय से आग्रह है कि उक्त स्थानों पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए रानीताल से ज्वालामुखी, ज्वालामुखी से शाहतलाई और शाहतलाई से श्री नैना देवी जी तक रेलवे लाईन, जो तीन अलग-अलग टुकड़ों में बनेगी, जिनकी लम्बाई क्रमशः १५, ५० एवं २० किलोमीटर है, इनको बनाएं ताकि उक्त स्थान देश एवं विदेश से जुड़ सकें और हिमाचल प्रदेश के लोगों को भी रेल की प्रगति का लाभ मिल सके।